# अध्याय 12

# सुनीता की पहिया कुर्सी

## पाठ आधारित प्रश्न

1. उचित विकल्प पर सही (✓) का निशान लगाइए।

(i) सुनीता कितने बजे सोकर उठी?

(क) सात बजे ☐ (ख) आठ बजे ☐

(ग) छः बजे ☐ (घ) पाँच बजे ☐

(ii) सुनीता को अकेले कहाँ जाना था?

(क) स्कूल ☐ (ख) खेलने ☐

(ग) बाज़ार ☐ (घ) अस्पताल ☐

(iii) अचार की बोतल कहाँ पर रखी हुई थी?

(क) मेज़ पर ☐ (ख) अलमारी में ☐

(ग) रसोईघर में ☐ (घ) स्टूल पर ☐

(iv) सुनीता की माँ ने बाजार से क्या मँगवाया?

(क) चीनी ☐ (ख) दाल ☐

(ग) दूध ☐ (घ) सब्ज़ी ☐

(v) सड़क पार करते समय सुनीता को कौन दिखाई दिया?

(क) फ़रीदा ☐ (ख) अमित ☐

(ग) छोटी लड़की ☐ (घ) ये सभी ☐

(vi) सुनीता ने नाश्ता करते हुए माँ से क्या माँगा?

(क) पानी ☐ (ख) पराँठा ☐

(ग) अचार ☐ (घ) सब्जी ☐

egyanarchive

2. सही कथन के सामने सही (✓) तथा गलत कथन के सामने गलत (×) का निशान लगाइए।

(i) सुनीता चलने–फिरने के लिए पहिया कुर्सी की मदद लेती थी। ☐

(ii) रोज़ाना के कामों को पूरा करने के लिए सुनीता माँ पर निर्भर थी। ☐

(iii) सुनीता को सड़क की ज़िंदगी देखना बिल्कुल अच्छा नहीं लगता था। ☐

(iv) अमित को सब बदमाश बुलाकर चिढ़ा रहे थे। ☐

(v) फ़रीदा की माँ का व्यवहार सुनीता को अच्छा नहीं लगा। ☐

(vi) सुनीता को दुकानदार का व्यवहार बहुत अच्छा लगा। ☐

3. निम्न शब्दों में दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए वाक्यों को पूरा कीजिए।

धीरे–धीरे, व्यवहार, थैला, अलमारी, मुस्कुरा, फुर्ती से, कुर्सी, नहा–धोकर, गोदी, परवाह

(i) सुनीता आज सभी काम .......................................................... से निपटाना चाहती थी।

(ii) आठ बजे तक सुनीता .......................................................... तैयार हो गई।

(iii) रास्ते में कई लोग सुनीता को देखकर .......................................................... रहे थे।

(iv) उसे फ़रीदा की माँ का .......................................................... समझ में नहीं आया।

(v) दुकानदार ने थैली उसकी .......................................................... में रख दी।

(vi) लोगों ने उन्हें घूरा, परन्तु अब सुनीता को उनकी .......................................................... नहीं थी।

(vii) ".......................................................... में रखी है ले लो" माँ ने कहा।

(viii) "पर इस .......................................................... में भला ऐसी क्या खास बात है" सुनीता ने कहा।

4. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

सुनीता को एक लड़का दिखा। उस बच्चे को बहुत सारे बच्चे 'छोटू–छोटू बुलाकर चिढ़ा रहे थे। उस लड़के का कद बाकी बच्चों से बहुत छोटा था। सुनीता को यह सब बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। रास्ते में कई लोग सुनीता को देखकर मुस्कुराए, जबकि वह उन्हें जानती तक नहीं थी। पहले तो वह मन ही मन खुश हुई, परन्तु फिर सोचने लगी, "ये सब लोग मेरी तरफ़ भला इस तरह क्यों देख रहे हैं?"

(i) एक लड़के को अन्य सारे बच्चे क्यों चिढ़ा रहे थे?

_ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _ _

(ii) क्या सुनीता को बच्चों का लड़के को चिढ़ाना अच्छा लगा?

---------------------------------------------------------

(iii) रास्ते में सुनीता को देखकर लोग क्या करने लगे?

---------------------------------------------------------

(iv) निम्न शब्दों के विलोम लिखिए।

(i) मुस्कुराना ................................ (ii) अच्छा ................................

(iii) खुश ................................ (iv) छोटा ................................

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

1. माँ ने बाज़ार जाने के लिए सुनीता को क्या दिया?

---------------------------------------------------------

2. दुकान में घुसने के लिए सुनीता को कहाँ पर चढ़ना था?

---------------------------------------------------------

3. लोगों के व्यवहार को देखकर सुनीता ने अपने आप को कैसी लड़की कहा?

---------------------------------------------------------

4. सुनीता क्या काम पहली बार अकेले करने वाली थी?

---------------------------------------------------------

5. सुनीता को क्या देखने में मज़ा आता था?

---------------------------------------------------------

6. बच्चे 'छोटू–छोटू' कहकर किसे चिढ़ा रहे थे?

---------------------------------------------------------

egyanarchive

7. दुकानदार ने सुनीता के माँगने पर चीनी कहाँ रखी?

---------------------------------------------------------

## लघु उत्तरीय प्रश्न

1. सुनीता के लिए कौन–कौन से काम करने कठिन थे?

---------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------

2. बाज़ार जाते हुए, सुनीता को बच्चे क्या करते दिखे?

---------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------

3. सुनीता को देखकर लोग क्यों मुस्कुरा रहे थे?

---------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------

4. रास्ते में मिली फ़रीदा ने सुनीता से किस चीज के बारे में क्या प्रश्न पूछा?

---------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------

5. सुनीता आज खुश क्यों थी?

---------------------------------------------------------

---------------------------------------------------------

egyanarchive

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

1. फ़रीदा की माँ ने उसे सुनीता से दूर क्यों हटा दिया?

2. सुनीता को दुकानदार का व्यवहार कैसा लगा, क्यों?

3. "पर तुम इस पर क्यों बैठती हो?"— अमित के इस प्रश्न के जवाब में सुनीता ने क्या कहा?

4. सुनीता बच्चों के साथ क्यों नहीं खेल पाती थी?

egyanarchive

## भाषा आधारित प्रश्न

1. उचित शब्दों द्वारा रिक्त स्थान भरो–

टुकुर–टुकुर, बड़ा मज़ा आता, आँखों में चमक, राहत की साँस

(i) माँ को देखकर बच्चे की ................................................................ आ गई।

(ii) भूखा बच्चा बिस्कुटों को ................................................................ देख रहा था।

(iii) बस को आते देखकर यात्रियों ने ................................................................ ली।

(iv) झूला झूलते हुए मुझे ................................................................ है।

2. सही शब्दों के आगे सही (✓) का निशान लगाइए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (i) | हालाँकी | ☐ | हालाँकि | ☐ | (ii) | तरीके | ☐ | तरिके | ☐ |
| (iii) | नाश्ता | ☐ | नाशता | ☐ | (iv) | मुसकराते | ☐ | मुस्कुराते | ☐ |
| (v) | वापस | ☐ | वापिस | ☐ | (vi) | दोबारा | ☐ | दुबारा | ☐ |
| (vii) | चिनी | ☐ | चीनी | ☐ | (viii) | दुकानदार | ☐ | दुकानदार | ☐ |

3. निम्नलिखित में से कुछ शब्द संज्ञा हैं और कुछ विशेषण। इन्हें छाँटकर तालिका में उचित शीर्षक के अंतर्गत लिखिए।

सुनीता, चमक, बिस्तर, बाजार, अकेले, पलंग, मदद, फुर्ती, अचार, मेज़, अजीब, सड़क, गुस्सा, लड़का, जल्दी, मुश्किल, तेज़ी, आँख, कपड़ें, मित्र, फरीदा।

| **संज्ञा शब्द** | **विशेषण शब्द** |
|---|---|
| ................................................................ | ................................................................ |
| ................................................................ | ................................................................ |

4. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम–चिह्नों का प्रयोग करो–

(क) सुनीता नहाकर तैयार हो गई

(ख) तुम्हारे पास कुछ पैसे हैं क्या

(ग) वाह यह तो बहुत बढ़िया आम है

(घ) सुनीता अमित और रेखा चल पड़े

(ङ) बाज़ार से चावल चीनी और चाय ले आओ।

5. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखो–

(i) आँख ........................................ ........................................

(ii) माँ ........................................ ........................................

(iii) मित्र ........................................ ........................................

(iv) कपड़े ........................................ ........................................

## मूल्याधारित प्रश्न

1. आपको छुट्टी के दिन क्या–क्या करना अच्छा लगता है? अपने विचार लिखिए।

--------------------------------------------------------------------------------

2. अगर आपकी कक्षा में भी कोई बच्चा शारीरिक रूप से कमज़ोर है, तो आप उसकी किस प्रकार सहायता करेंगे?

--------------------------------------------------------------------------------

## ज्ञानाधारित प्रश्न

1. निम्नलिखित के एकवचन लिखो–

(i) आँखों ........................................ (ii) टाँगों ........................................

(iii) जूतों ........................................ (iv) पहियों ........................................

2. निम्नलिखित शब्दों के दो–दो अर्थ लिखो। इनका प्रयोग करते हुए दो–दो वाक्य बनाओ–

(क) अर्थ ............................................... ........................................................

वाक्य ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ख) उत्तर ............................................... ........................................................

वाक्य ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ग) कर ............................................... ........................................................

वाक्य ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(घ) कुशल ............................................... ........................................................

वाक्य ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

3. निम्नलिखित द्विवत्व और संयुक्त व्यंजनों का प्रयोग करते हुए दो–दो शब्द लिखो–

(i) स्स ............................................... ...............................................

(ii) ल्द ............................................... ...............................................

(iii) न्य ............................................... ...............................................

(iv) च्चा ............................................... ...............................................

## रचनात्मक लेखन

1. नीचे दिए गए चित्र को देखकर लगभग 10 वाक्य लिखो–



***********